(ग) मौजूदा मानक के अनुसार गाड़ियों में सुविधाएं मुहैया करायी गई हैं। यात्रियों के लिए विधाओं/सुख-सुविधाएं बढ़ाना तथा उसमें सुधार करना एक सतत् प्रक्रिया है। गाड़ियों में मुहैया करायी गई कुछ अतिरिक्त सुविधाओं में दूसरे दर्जे के शयनयान सवारी डिब्बों में गद्दियों, वाला शयनयान सवारी डिब्बों में बिस्तरों, कुछ सुपरफास्ट गाड़ियों मे गाड़ी अधीक्षकों चुनिंदा गाड़ियों में चल गाड़ी सफाई कर्मचारियों आदि की व्यवस्था करना शामिल है।

मैसर्स ए0एच0 व्हीलर एंड कम्पनी द्वारा ठेके की निबंधन शर्तों का उल्लंघन

5562. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर बुक स्टाल लगाने के लिये मैसर्स ए. एच. व्हीलर एंड कम्पनी को दिये गये ठेके की समीक्षा की है ;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त कम्पनी को ठेके की शर्तों का उल्लंघन करते पाया गया है ;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) उक्त कम्पनी के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गयी है ?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफ़र शरीफ़) : (क) जी, हां।

(ख) जी, नहीं।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता।

मध्य प्रदेश में रेल यात्री सुविधाओं संबंधी विस्तार योजना के अन्तर्गत यात्रियों को सुविधाएं प्रदान किया जाना

5563. **श्री अजीत जोगी :**
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में वर्ष 1994-95 के दौरान रेल यात्री सुविधाओं संबंधी विस्तार योजना के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) इस उद्देश्य के लिए तैयार किय गये समयबद्ध कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफ़र शरीफ़) : (क) स्टेशनों पर अतिरिक्त सुविधाओं की व्यवस्था करना एक सतत् प्रक्रिया है और जहां कहीं यातायात मांगों की आवश्यकता होती है वहां धन की उपलब्धता और विभिन्न स्टेशनों की तुलनात्मक प्राथमिकताओं के आधार पर इन कार्यों को हाथ में लिया जाता है। तदनुसार 1994-95 में मध्य प्रदेश राज्य में रेलवे स्टेशनों पर 5 लाख रुपये प्रत्येक से अधिक की लागत वाले निम्नलिखित कार्य प्रारंभ किए गए थे :--

(लागत लाख रूपयों में)

स्टेशन	कार्य	लागत
अनूपपुर . .	प्रतीक्षा हाल/कक्ष का विस्तार और प्लेटफार्म सायबान का विस्तार	16.16
बालाघाट . .	प्लेटफार्म सायबान का विस्तार	11.96